# मध्यप्रदेश पर्यटन

# क्विज़ प्रतियोगिता 2019

## राज्य स्तरीय आयोजन

**दिनांक : 05 सितम्बर, 2019 समयः 2 घंटा प्रातः 10 से 12 बजे तक**

**प्रतिभागी दल के सदस्यों के नाम**

1. नाम.................................................................कक्षा..........................
2. नाम.................................................................कक्षा..........................
3. नाम.................................................................कक्षा..........................

विद्यालय का नाम..................................................जिला ......................

**कृपया ध्यान पूर्वक निम्नलिखित निर्देशों का अध्ययन करें, तत्पश्चात प्रश्न–पत्र को हल करें।**

1. प्रश्न पत्र में कुल 20 खण्ड हैं। प्रत्येक खण्ड में 5–5 प्रश्न हैं। इस प्रकार कुल प्रश्नों की संख्या 100 है। आपको उत्तर लिखने के लिए पृथक से उत्तर पत्रक दिया जा रहा है। उत्तर पत्रक में प्रत्येक विद्यालय के तीनों विद्यार्थी का नाम लिखेगें। इसके उपरान्त उत्तर–पत्रक में प्रश्न क्रमांक के सामने रिक्त स्थान में अपना उत्तर लिखना प्रारम्भ करेंगें।
2. प्रश्न का उत्तर एक बार में ही लिखना होगा। काटकर लिखा गया उत्तर अमान्य होगा। कृपया कोई भी प्रश्न का उत्तर न देने की स्थिति में रिक्त स्थान को X कर दें।
3. प्रत्येक सही उत्तर पर 01 अंक दिया जायेगा। प्रश्न हल न करने अथवा गलत हल करने अथवा उत्तर पत्रक में रिक्त स्थान छोड़ने की दशा में 0 (शून्य) अंक दिया जायेगा।
4. इस प्रश्न–पत्र को प्रत्येक विद्यालय से आये 03 सदस्यीय टीम एक साथ मिलकर हल करेगी।
5. प्रत्येक टीम को प्रश्न–पत्र के आधार पर उत्तर–पत्रक में उत्तर लिखना हैं। प्रश्न–पत्र विद्यार्थी अपने साथ ले जा सकते हैं। परन्तु उत्तर–पत्रक प्रत्येक टीम को अनिवार्यतः कक्ष पर्यवेक्षक के पास जमा करना होगा।
6. मूल्यांकनकर्ता उत्तर–पत्रक के मूल्यांकन के दौरान निर्देशक के निर्देशों का पालन करते हुए मूल्यांकन करेंगे।
7. उत्तर–पत्रक पर पर्यवेक्षक एवं मूल्यांकनकर्ता दोनों के हस्ताक्षर होंगे।

## खण्ड – '1' (एक शब्द में उत्तर दीजिये)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक में मध्य प्रदेश की नदियों, नदी किनारे स्थित पर्यटन स्थल, घाट आदि से संबंधित प्रश्न हैं। आप इन्हें ध्यान से पढ़े। इस विवरण के आधार पर जिले/पर्यटन स्थल का नाम एक शब्द में उत्तर पुस्तिका में लिखें।**

(1) मध्य प्रदेश की एक नदी, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश राज्यों की सीमाऐं बनाती है। यह अपने प्रवाह के अन्तिम चरण में चार नदियों के साथ यमुना नदी में मिलती है, जिसे पंचनद कहा जाता है। यह एक महत्वपूर्ण जलक्षेत्र का पर्यटन स्थल है। इस नदी पर चूलिया जल प्रपात पर्यटन स्थल है, यह मध्य प्रदेश की कौन सी नदी है। ?

(2) रायसेन जिले के गौहरगंज के पास से एक नदी का उद्गम हुआ है, गुना, सांची, विदिशा, औरछा आदि इसके प्रमुख तटीय स्थान है। इस नदी पर सागर में राहतगढ़ नगर के पास एक जलप्रपात है। पर्यटन दृष्टि से यह नदी विंध्याचल पर्वतमाला में प्रवाहित होती है, मार्ग में खूबसूरत प्राकृतिक स्थल है। यह मध्य प्रदेश की कौन सी नदी है ?

(3) मध्य प्रदेश की यह नदी तैमूर की पहाड़ियों में तमसा कुण्ड/जलाशय से उद्गम होती है। पन्ना की पहाड़ियों को काटकर यह अनेक जल प्रपातों का निर्माण करती है। चचाई जलप्रपात पर्यटन स्थल इसमें प्रमुख है, आगे जाकर यह नदी गंगा नदी में मिल जाती है, यह मध्य प्रदेश की कौन सी नदी है ?

(4) मध्य प्रदेश की यह नदी भाण्डेर पर्वत श्रंखला से उद्गम होती है, जो अहिरगवां ग्राम के निकट स्थित है। यह नदी पन्ना की पहाड़ियों को काटकर अनेक गहरी घाटी/गार्ज का निर्माण करती है, इस पर रनेह जल प्रपात तथा केन घड़ियाल अभ्यारण्य प्रमुख पर्यटन स्थल है। यह मध्य प्रदेश की कौन सी नदी है ?

(5) मध्य प्रदेश की यह नदी सिवनी जिले से उद्गम होती है। यह दक्षिण दिशा में प्रवाहित होने वाली एक मात्र प्रमुख नदी है। बालाघाट में यह, वहाँ के निवासियों के लिये जीवन रेखा के समतुल्य है। अपने प्रवाह में वर्धा नदी के साथ यह गोदावरी में मिल जाती है। बाढ़ के कारण निर्मित मैदान तथा मियेण्डर्स प्रमुख दर्शानीय स्थान है। यह मध्य प्रदेश की कौन सी नदी है ?

## खण्ड – '2' (एक शब्द में उत्तर दीजिये)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक में मध्य प्रदेश के भौगोलिक, प्राकृतिक एवं पुरातत्व दृष्टि से विशिष्ट स्थानों से संबंधित प्रश्न हैं। आप इन्हें ध्यान से पढ़े। इस विवरण के आधार पर जिले/पर्यटन स्थल का नाम एक शब्द में उत्तर पुस्तिका में लिखें।**

(6) मध्य प्रदेश में नर्मदा नदी के प्रवाह स्थल में जबलपुर के पास एक विशिष्ट प्रकार की चट्टाने/पत्थरों की खदानें स्थित है। पर्यटन दृष्टि से यह खूबसूरत प्राकृतिक स्थल है। इस पत्थर से मूर्तियाँ तथा दैनिक उपयोगी सामान निर्मित होते है। यह जबलपुर की पहचान के रूप में जाने जाते है। यह कौन सी चट्टाने या पत्थर की खदाने है ?

(7) मध्य प्रदेश में बाघ राष्ट्रीय पशु विविध भौगोलिक एवं प्राकृतिक क्षेत्रों में विविधता के साथ पाये जाते है। मध्य प्रदेश में बाघ की एक विशेष प्रजाति सफेद बाघ भी पाया जाता है, जिसे देखने के लिए दूर–दूर से वन्य जीव प्रेमी आते है। यह एक प्राकृतिक पर्यटन स्थल है। ये सफेद बाघ मध्य प्रदेश के किस जिले में पाये जाते है ?

(8) मध्य प्रदेश का एक मात्र पर्वतीय पर्यटन स्थल पचमढ़ी है। पचमढ़ी सतपुड़ा पर्वत श्रंखला में स्थित है। इन पर्वतों में सबसे ऊँचा स्थान धूपगढ़ के नाम से जाना जाता है, जो सतपुड़ा पर्वत श्रंखला के प्रमुख पर्वत की चोटी है। आपको यह बताना है कि यह धूपगढ़ चोटी किस पर्वत की है। ?

(9) मध्य प्रदेश के उत्तर–पश्चिम में एक इतिहास, कला, संस्कृति एवं स्वतंत्रता आंदोलन दृष्टि से महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल स्थित है। यहाँ रानी लक्ष्मीबाई की समाधि तथा प्रसिद्ध संगीतज्ञ तानसेन का मकबरा स्थित है। यंही संगीत कला एवं फाईन आर्ट का राजा मान सिंह तोमर विश्विविद्यालय तथा दुनिया का सबसे पुराना शून्य स्थित है। यह मध्य प्रदेश का कौन सा जिला/नगर है ?

(10) मध्य प्रदेश का पश्चिमी भाग तथा राजस्थान, गुजरात के सीमावर्ती जिले मध्य प्रदेश के मालवा परिक्षेत्र के नाम से जाने जाते है। यह जिला मालवा परिक्षेत्र का प्रवेश स्थल कहा जाता है। यहाँ शैक्षणिक पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण गैस आधारित उर्वरक का कारखाना भी है। यह मध्य प्रदेश का कौन सा जिला/नगर है ?

## खण्ड – '3' (रिक्त स्थान की पूर्ति करें)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 11 से 15 तक में मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक, विरासत एवं पर्यटन दृष्टि से विशिष्ट स्थानों से संबंधित प्रश्न हैं। आप इन्हें ध्यान से पढ़े। इस विवरण के आधार पर जिले/पर्यटन स्थल का नाम अथवा सही उत्तर रिक्त स्थान की पूर्ति के रूप में उत्तर पुस्तिका में लिखें।**

(11) मध्य प्रदेश में भारत के जिब्राल्टर के नाम से ....................................किले को जाना जाता है। यहाँ प्रदेश का एक माह तक चलने वाला सबसे बड़ा व्यापारिक मेला लगता है। यहाँ देश का पहला एडवोकेट ट्रेनिंग सेन्टर स्थित है। यहाँ प्रदेश का राजस्व मुख्यालय है। मध्य प्रदेश के महालेखाकार का मुख्यालय भी यहाँ है।

(12) मध्य प्रदेश के प्रथम पर्यटन नगर के रूप में .................................. जिले को जाना जाता है। यहाँ पावा प्रपात एवं माधव विलास भवन सहित सोन चिरैय्या तथा साइबेरियन पक्षियों का आश्रय स्थल प्रमुख पर्यटन केन्द्र के रूप में स्थित है। यहाँ फ्लेग स्टोन प्राप्त होता है। साथ ही यूरेनियम के विशाल भण्डारों के संकेत मिले है।

(13) मध्य प्रदेश राज्य का प्रथम जैव आरक्षित मण्डल .................................. स्थान पर स्थित है। यह नगर जल प्रपातों के पर्यटन स्थल के नाम से जाना जाता है। खूबसूरत हरी–भरी पहाड़ियाँ, पर्वत श्रंखला तथा घने वन यहाँ की विशेषता है। इस परिसर में हाल ही में विकसित एक राष्ट्रीय उद्यान भी स्थित है।

(14) मध्य प्रदेश की ........................... नगरी को साइन्स सिटी के नाम से जाना जाता है। यह मालवा के मुख्यालय तथा मध्य प्रदेश की व्यापारिक राजधानी के रूप में भी जाना जाता है। आध्यात्मिक दृष्टि से गणेश पूजा का यह एक प्रमुख स्थल है। यहाँ का खाद्य पदार्थ पोहा पूरे प्रदेश ही नही देश में पसन्द किया जाता है।

(15) मध्य प्रदेश का पहला मेगा फूड पार्क .................................. जिले/नगर में स्थित है। खाद्य प्रसंस्करण तथा प्रौद्योगिकी दृष्टि से यह एक प्रमुख व्यावसायिक पर्यटन स्थल है। निमाड़ संस्कृति तथा लोककला यहां की स्थानीय विशेषताऐं है। नवग्रह मंदिर, देजला–देवड़ा जलक्षेत्र, कसरावत स्तूप तथा सिंगाजी मेला यहाँ के प्रमुख स्थल है।

## खण्ड – '4' (रिक्त स्थान की पूर्ति करें)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 16 से 20 तक में मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक, विरासत, कला, संस्कृति, शिक्षा एवं पर्यटन दृष्टि से विशिष्ट शैक्षणिक संस्थानों/विश्वविद्यालयों से संबंधित प्रश्न हैं। आप इन्हें ध्यान से पढ़े। इस विवरण के आधार पर जिले/पर्यटन स्थल का नाम अथवा सही उत्तर रिक्त स्थान की पूर्ति के रूप में उत्तर पुस्तिका में लिखें।**

(16) मध्य प्रदेश में भारतीय पर्यटन तथा यात्रा प्रबंध संस्थान............................................ जिला/नगर में स्थित है। यहाँ मध्य प्रदेश के प्रथम मेडीकल कॉलेज, प्रथम सूचना तकनीकी विश्वविद्यालय, प्रथम महारानी लक्ष्मी बाई शारीरिक शिक्षा विश्वविद्यालय तथा प्रथम संगीत कला विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। यह स्थान 1948 से 1956 तक मध्य भारत की राजधानी के रूप में रहा।

(17) मध्य प्रदेश का एक मात्र चिकित्सा विश्वविद्यालय, पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ................................ जिले/नगर में स्थित है। यहाँ मध्य प्रदेश का पहला इंजीनियरिंग कॉलेज, शिक्षा मनोविज्ञान एवं संदर्शन महाविद्यालय, मोन्टेसरी शिक्षा संस्थान तथा राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान भी स्थित है।

(18) मध्य प्रदेश का एक मात्र प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (इंजीनियरिंग यूनिवर्सिटी) ................................. जिले/नगर में स्थित है। यहाँ प्रदेश का एक मात्र पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय विधि संस्थान, अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, अखिल भारतीय चिकित्सा शिक्षा संस्थान (एम्स) भी स्थित है।

(19) मध्य प्रदेश का प्राचीनतम विश्वविद्यालय तथा वर्तमान में एक मात्र केन्द्रीय विश्वविद्यालय ................. जिले/नगर में स्थित है। यहाँ शिक्षा के समस्त विकल्प तथा अवसर उपलब्ध है। यहाँ बुन्देलखण्ड क्षेत्र का मेडीकल कॉलेज भी स्थित है। इसे भारत का हृदय कहा जाता है। यहाँ एक मात्र राज्य पुलिस अकादमी, वनस्पति विज्ञान का सबसे बड़ा प्रादेशिक विश्वविद्यालय भी स्थित है।

(20) मध्य प्रदेश का प्रथम संस्कृत विश्वविद्यालय ................................ जिला/नगर में स्थापित किया गया है। यहाँ पूर्व में कालिदास अकादमी, विक्रम शिला विश्वविद्यालय तथा संदीपनी आश्रम स्थित है। इसे मंदिर मूर्तियों का शहर भी कहा जाता है। यहाँ ज्योतिष विद्या आधारित गणित अध्ययन का केन्द्र जंतर–मंतर भी स्थित है। देशान्तर की शून्य रेखा यहाँ से मानी जाती है।

## खण्ड – '5' (दिये गये विकल्पों में से रिक्त स्थान की पूर्ति किजिये)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 21 से 25 तक के प्रश्नों में एक–एक रिक्त स्थान दिया गया है साथ ही प्रत्येक प्रश्न के 4–4 विकल्प भी अंकित हैं आपको दिये गयें विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कर उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक के सम्मुख लिखना है। ये प्रश्न मध्य प्रदेश के प्रादेशिक/राजकीय प्रतीक से संबंधित है।**

(21) मध्य प्रदेश का राजकीय फल .............................. है। इसे फलो के राजा के नाम से जाना जाता है। मध्य प्रदेश में इस फल की अनेक अविकल्प प्रजातियाँ यहाँ उपलब्ध है।

(अ) अंजीर　　(ब) अंगूर
(स) आम　　(द) अनानास

(22) मध्य प्रदेश का राजकीय वृक्ष................................. है। इसकी उम्र 100 वर्ष से अधिक तक होती है। धार्मिक दृष्टि से इसका अपना महत्व है। इसके नाम पर एक विशेष अमावस्या होती है।

(अ) बरगद (ब) पीपल
(स) नीम (द) सागौन

(23) मध्य प्रदेश का राजकीय पक्षी ................................. है। इसके संरक्षण हेतु सरदारपुर अभ्यारण्य को चयनित किया गया है।

(अ) बाज (ब) दूधराज
(स) सोनचिरैया (द) नीलकंठ

(24) मध्य प्रदेश का राजकीय पशु ................................. है। कान्हा, किसली राष्ट्रीय उद्यान में इसके संरक्षण हेतु विशेष परिक्षेत्र विकसित किया गया है।

(अ) बाघ (ब) चिंकारा
(स) नीलगाय (द) बारहसिंगा

(25) मध्य प्रदेश का राजकीय लोक नृत्य ............................ है, जो बुन्देलखण्ड क्षेत्र की प्रमुख लोक कला प्रस्तुति है। विविध पर्यटन स्थलों में सामूहिक लोक कार्यक्रम में यह महत्वपूर्ण है।

(अ) राई लोक नृत्य (ब) दादर लोक नृत्य
(स) बधाई लोक नृत्य (द) ढिमरयाई लोक नृत्य

## खण्ड – '6' (दिये गये विकल्पों में से रिक्त स्थान की पूर्ति कोजिये)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 26 से 30 तक के प्रश्नों में एक–एक रिक्त स्थान दिया गया है साथ ही प्रत्येक प्रश्न के 4–4 विकल्प भी अंकित हैं आपको दिये गयें विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कर उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक के सम्मुख लिखना है। ये प्रश्न मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक तथा पुरातत्व संग्रहालयों से संबंधित है।**

(26) मध्य प्रदेश का प्रथम केन्द्रीय पुरातत्व संग्रहालय ..........................जिले/नगर में स्थित है। यहाँ 5000 वर्ष ईसा पूर्व की पाषाण प्रतिमा, 10वीं से 17वीं शताब्दी की धातु प्रतिमा, मुद्रा सहित बौधिसत्व पदमपाणी की प्रतिमा एवं 2500 से अधिक प्रकार के सिक्कों का संकलन है।

(अ) इन्दौर (ब) भोपाल
(स) जबलपुर (द) ग्वालियर

(27) मध्य प्रदेश में गौड़वाना साम्राज्य एवं गौड़ महारानी दुर्गावती को समर्पित संग्रहालय ........................ जिले/नगर में स्थित है। इसमें गौड़ कालीन सामाजिक रीति–रिवाज, पहनावा, कला, संस्कृति आदि को विशेष रूप में प्रदर्शित किया गया है।

(अ) मण्डला (ब) जबलपुर
(स) डिण्डोरी (द) रामनगर

(28) मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ के औरछा पर्यटन स्थल पर ........................ संग्रहालय स्थापित है। यहाँ आस–पास तथा स्थानीय क्षेत्र की उपलब्ध पाषाण प्रतिमाऐं, सती स्तम्भ तथा शिला लेख आदि व्यवस्थित रूप से प्रदर्शित है। यहाँ महाराजा छत्रसाल दीर्घा प्रदर्शित है।

(अ) जहांगीर महल (ब) शाहजहाँ महल
(स) नूरजहाँ महल (द) बहादुर शाह महल

(29) मध्य प्रदेश में सतना जिले के ............................ नगर में तुलसी संग्रहालय स्थित है। जहाँ भरहुत स्तूप के पुरातत्व अवशेष, देश के विशिष्ट व्यक्तियों के हस्ताक्षर का संकलन/डाक टिकिट तथा रामायण चित्रांकन दीर्घा स्थित है।

(अ) हनुमानगढ़ी (ब) रामपुर बघेलान
(स) रामवन (द) मैहर

(30) मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले में .............................. संग्रहालय स्थित है, जिसमें शैर, वैष्णव तथा जैन प्रतिमाओं सहित चाँदी एवं तांबों के सिक्कों का संकलन है।

(अ) यशोवर्धन (ब) हर्ष वर्धन
(स) सुरवर्धन (द) तपोवर्धन

## खण्ड – '7' (दिये गये विकल्पों में से रिक्त स्थान की पूर्ति किजिये)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 31 से 35 तक के प्रश्नों में एक–एक रिक्त स्थान दिया गया है साथ ही 05 विकल्प भी अंकित हैं आपको दिये गयें विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कर उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक के सम्मुख लिखना है। ये पशन मध्य प्रदेश के धार्मिक तथा आध्यात्मिक महत्व के पर्यटन स्थलों से संबंधित है।**

**{सूर्य, दतिया, भिण्ड, पंचमठा, माण्डू}**

(31) मध्य प्रदेश के धार जिले के ........................ पर्यटन स्थल में नीलकंठ मंदिर तथा जामा मस्जिद प्रमुख दर्शनीय एवं ऐतिहासिक पुरातत्व दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है।

(32) मध्य प्रदेश के ...................... जिले में पीताम्बरापीठ, शक्तिपीठ तथा दिगम्बर जैन समुदाय का 108 मन्दिर सोनागिरि स्थित है, जो पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

(33) मध्य प्रदेश के जबलपुर में स्थित ............................ मन्दिर 1100 वर्ष पुराना है, इसमें श्रीयंत्र की अनोखी संरचना है। मन्दिर में स्थापित माँ लक्ष्मी की प्रतिमा प्रातः काल में श्वेत, दोपहर में पीला तथा संध्या में नीला रंग प्रदर्शित करती है।

(34) मध्य प्रदेश के सागर जिले के राहेली, मुरैना के ऐैती तथा शिवपुरी के सैसाई में ........................ देवता को समर्पित मन्दिर स्थित है, जो प्राकृतिक शक्ति का प्रतीक है।

(35) मध्य प्रदेश के ......................... जिले/नगर में माता रेणुका मन्दिर स्थित है। ऐसा माना जाता है कि यहाँ परशुराम का जन्म हुआ था। यंही परशुराम जी ने जमदग्नि के आदेश पर माता रेणुका का सिर काट दिया था।

## खण्ड – '8' (दिये गये विकल्पों में से रिक्त स्थान की पूर्ति किजिये)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 36 से 40 तक के प्रश्नों में एक–एक रिक्त स्थान दिया गया है साथ ही 05 विकल्प भी अंकित हैं आपको दिये गयें विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कर उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक के सम्मुख लिखना है। ये प्रश्न मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक दुर्ग तथा किलो से संबंधित है।**

**{धार का किला, मंदसौर किला, दतिया का किला, औरछा दुर्ग, ग्वालियर दुर्ग}**

(36) मध्य प्रदेश के ................................ दुर्ग को भारत के किलो का रत्न कहा जाता है। इसे किलो का सिरमोर नाम से भी जाना जाता है। 1857 की प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन/क्रान्ति में इस दुर्ग का विशेष महत्व रहा है। अभिलेखों के अनुसार इसे 525वीं शताब्दी में राजा सूरज सेन ने बनवाया था। इसमें 5 विशिष्ट द्वार है। पर्यटन दृष्टि से यह ऐतिहासिक धरोहर है।

(37) मध्य प्रदेश के ...................... दुर्ग को 16वीं शताब्दी में राजा वीर सिंह बुन्देला ने बनवाया था। इस किले में चतुर्भुज मन्दिर, राम मन्दिर, लक्ष्मी नारायण मन्दिर स्थित है। इतिहास के स्त्रोतो के अनुसार प्रसिद्ध मुगल बादशाह जहाँगीर ने भी इस किले के अन्दर जहांगीर महल का निर्माण किया था।

(38) मध्य प्रदेश के ................................... किला को दिल्ली सल्तनत के तुगलक वंश के सुल्तान मोहम्मद बिन तुगलक ने 1344 ईसवी में बनवाया था। बाद में इस किले का पुर्न निर्माण अब्दुल शाह द्वारा किया गया। इस किले के अन्दर चन्गेश का मकबरा एवं खरबूजा महल स्थित है।1732 ईसवी में इस किले पर मराठा तथा पवार नरेशो ने आधिपत्य किया।

(39) मध्य प्रदेश का ............................ किला दिल्ली सल्तनत के खिलजी वंश के शासक अलाउद्दीन खिलजी ने 14वीं शताब्दी में बनवाया था। शिवनी नदी के किनारे स्थित इस किले की प्राचीर में, पत्थरों पर हिन्दु देवी–देवताओं की मूर्तियाँ है। यहाँ 500 वर्ष पुराना तापेश्वर महादेव का मन्दिर भी स्थित है। खिलजी वंश के बाद इस किले का संबंध कछवाहा, तोमर, जयपुर नरेश से रहा।

(40) मध्य प्रदेश का ........................... किले की स्थापना 1626 में बुन्देलखण्ड नरेश वीर सिंह जूदेव ने की थी। महाराजा भवानी सिंह ने इस किले के प्रवेश द्वार पर ''जस्टिस इस द जेम ऑफ क्राउन'' लिखवाया। इस किले की भीतरी दीवारों पर गेंडा, हाथी निर्मित है, जबकि विपरीत दिशा की दीवारों पर हिप्पो चिड़िया का सिर टंगा हुआ है।

## खण्ड – '9' (सही जोड़ी मिलायें)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 41 से 45 तक के प्रश्नों में दो खण्ड है प्रथम खण्ड ''अ'' में प्रश्न है तथा द्वितीय खण्ड ''ब'' में उसके उत्तर हैं। इसमें मध्य प्रदेश के मस्जिदों/ईदगाह के नाम, स्थान तथा स्थापना करने वाले, इनके पुरातत्व महत्व पर आधारित प्रश्न सम्मिलित किये गये है। आपको खण्ड ''ब'' से सही उत्तर का चयन करके उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक 41 से 45 के सम्मुख अंकित करना है।**

| | | |
|---|---|---|
| (41) | भोपाल में 1887 में नवाब शाहजहाँ बेगम के द्वारा निर्मित मस्जिद जो विश्व में तीसरे क्रमांक की सबसे बड़ी मस्जिद है। | जामा मस्जिद |

| | | |
|---|---|---|
| (42) | जबलपुर में महारानी दुर्गावती की स्मृति में निर्मित तालाब के निकट स्थित विशाल ईदगाह है। | बीबी की मस्जिद |
| (43) | बुरहानपुर में 1540 में फारूखी वंश के बादशाह आज़म हुमायूँ ने बेगम रूकैया के निर्देश पर इस मस्जिद का निर्माण कराया था। | ढ़ाई सीढ़ी की मस्जिद |
| (44) | भोपाल में स्थापित पहली मस्जिद जिसका निर्माण दोस्त मोहम्मद खान द्वारा 1716 में कराया गया था। इसे एशिया की सबसे छोटी मस्जिद भी माना जाता है। | रानीताल |
| (45) | भोपाल की इस मस्जिद का निर्माण भोपाल राज्य की शासिका नवाब कुदसिया बेगम के द्वारा करवाया गया था। इसका निर्माण 1832 में शुरू हुआ तथा 1857 में सम्पन्न हुआ। | ताजुल मस्जिद |

## खण्ड – '10' (सही जोड़ी मिलायें)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 46 से 50 तक के प्रश्नों में दो खण्ड है प्रथम खण्ड ''अ'' में प्रश्न हैं तथा द्वितीय खण्ड ''ब'' में उसके उत्तर हैं। इसमें मध्य प्रदेश के राजवंशों, कलाकारों तथा स्वतंत्रता सैनानियों की समाधि तथा मकबरों पर आधारित प्रश्न सम्मिलित किये गये है। आपको खण्ड ''ब'' से सही उत्तर का चयन करके उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक 46 से 50 के सम्मुख अंकित करना है।**

| | | |
|---|---|---|
| (46) | सिंधिया घराने की महारानी सांख्य राजे सिंधिया की समाधि इस स्थान/नगर/जिला पर है। यह आगरे के ताज महल के समान सुन्दर इमारत है। सफेद संगमरमर से निर्मित है। | गिरधारी बाई |
| (47) | गौड़वाना साम्राज्य की प्रमुख महारानी, दुर्गावती की समाधि स्थल जबलपुर जिले के बारहा गाँव के निकट स्थित स्थान पर है। यंही उनके हाथी तथा दत्तक पुत्र की समाधि भी है। | बुरहानपुर |
| (48) | मण्डला जिले में गौड़वाना रानी अवन्ती बाई की एक सहायिका की समाधि है। जो उनके निजी जीवन से लेकर युद्ध के मैदान तक साथ रही। | शिवपुरी |
| (49) | प्रख्यात संगीतकार तानसेन, तानसेन के गुरू सिद्धपीर मोहम्मद गौस तथा प्रख्यात सितार वादक अमजद अली खाँ के दादा–हाफिज़ अली खाँ के पिता हस्सू खाँ के मकबरे इस स्थान पर स्थित है। | ग्वालियर |
| (50) | दिल्ली सल्तनत के लोधी वंश के सुल्तान दौलत खाँ लोधी तथा मुगल सम्राट शाहजहाँ की बेगम मुमताज महल की कब्र इस स्थान पर स्थित है। | नरई नाला |

## खण्ड – '11' (व्याख्या आधारित प्रश्न का उत्तर देना)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 51 से 55 तक में आपको मध्य प्रदेश के सांस्कृतिक एवं पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण मेलो का विवरण/व्याख्या दी गई है। आपको इसमें प्रश्न के अनुसार मेले का नाम, आयोजन स्थल तथा मेले की विशेषता पर आधारित प्रश्न का उत्तर देना है। प्रश्न का सही उत्तर पत्रक में प्रश्न क्रमांक के सामने अंकित करें।**

(51) दतिया जिले के भाण्डेर तहसील में प्रतिवर्ष जनवरी–फरवरी/माघ माह में एक विशेष मेला लगता है। यह मेला 100 से अधिक वर्ष पूर्व स्वामी पीताम्बर दास द्वारा प्रारम्भ किया गया था। कुछ लोगो के अनुसार ब्रिटिश काल में भाण्डेर एक सूबा कहलाता था। इसके तत्कालीन कलेक्टर राम भक्त ईनामतुल्लाह के द्वारा इसको आरम्भ किया गया था। आपको मेले का नाम बताना है।

(52) सीधी जिले के घोघरा गाँव में देवी का एक मन्दिर है, यहाँ प्रतिवर्ष एक विशाल मेला आयोजित किया जाता है। मान्यता है कि मुगल बादशाह अकबर के नवरत्नों में एक बीरबल यहाँ के निवासी थे। बीरबल को माँ सरस्वती देवी का आर्शीवाद प्राप्त हुआ था। यह मेला बीरबल के द्वारा आरम्भ किया गया था। आपको मेले का नाम बताना है।

(53) सिवनी जिले के ग्राम भैरोथान स्थान पर प्रत्येक शिवरात्री को विशाल मेला लगता है, जो 15 दिनों तक चलता है। इस स्थान पर एक प्राकृतिक गुफा तथा हरियाली परिसर युक्त झील है। मान्यता के अनुसार इस स्थान पर भगवान शिव महादेव प्रकट हुये थे। आपको मेले का नाम बताना है।

(54) मुरैना जिले के पोरसा गाँव में नवम्बर–दिसम्बर माह के दौरान एक माह के लिये यह मेला आयोजित होता है। यह मुगल बादशाह अकबर के समकालीन संत जी की स्मृति में आयोजित होता है। यहाँ पहले बन्दरों को विक्रय किया जाता था, वर्तमान में सभी प्रकार के पशुओं का क्रय विक्रय किया जाता है। आपको मेले का नाम बताना है।

(55) दतिया जिले के सेवढ़ा ग्राम में प्रतिवर्ष कार्तिक माह की पूर्णिमा की तिथि से एक सप्ताह तक यह मेला आयोजित होता है। ऐसी मान्यता है कि भगवान ब्रम्हा के मानस पुत्र सनक, सनन्दन, सनातन एवं सनत कुमार ने इसी स्थान पर तपस्या की थी। इस स्थान को सनत्कूप भी कहा जाता है। इसके पास ही नारदमुनि का तपोस्थल है। आपको मेले का नाम बताना है।

## खण्ड – '12' (व्याख्या आधारित प्रश्न का उत्तर देना)

**टीप –प्रश्न क्रमांक 56 से 60 तक में आपको मध्य प्रदेश के सांस्कृतिक एवं पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण पर्व/त्यौहार का विवरण/व्याख्या दी गई है। आपको इसमें प्रश्न के अनुसार पर्व/त्यौहार का नाम, आयोजन स्थल तथा पर्व/त्यौहार की विशेषता पर आधारित प्रश्न का उत्तर देना है। प्रश्न का सही उत्तर पत्रक में प्रश्न क्रमांक के सामने अंकित करें।**

(56) मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र का यह प्रमुख पर्व है। यह वर्ष में 02 बार मनाया जाता है। एक बार यह चैत्र माह में मनाया जाता है। दूसरी बार यह भाद्रपद (भादौ माह) में मनाया जाता है। इसमें महिलाऐं शिव पावर्ती की पूजी करती है। श्रंगार, गीत–संगीत तथा नृत्य इसकी विशेषता है। आपको इस पर्व का नाम बताना है।

(57) मध्य प्रदेश के बुन्देलखण्ड का यह महत्वपूर्ण पर्व है। इसमें दीवार पर से लगे चबूतरे पर राक्षस की प्रतिमा रखी जाती है। उसके सिर पर शिव पावर्ती की प्रतिमा रखी जाती है। दीवार पर सूर्य एवं चन्द्रमा के चित्र बनाये जाते है। नव युवतियाँ पूजा कर गीत गाती है। युवक डण्डे का प्रतीक लेकर घर–घर जाकर अनाज एवं रूपये इक्ठ्ठा करते है। आपको इस पर्व का नाम बताना है।

(58) मध्य प्रदेश में ज्येष्ठ माह की बड़ी दर्शनीय तिथि को यह पर्व सम्पूर्ण मध्य भारत में बनाया जाता है। कृष्ण पक्ष में मनाये जाने वाले इस पर्व के लिये मान्यता है कि इसी दिवस को पृथ्वी पर गंगा नदी का अवतरण हुआ था। आपको इस पर्व का नाम बताना है।

(59) मध्य प्रदेश में यह पर्व बैसाख माह की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस अवसर पर लड़कियाँ, नव विवाहिताऐं तथा सुहागिन स्त्रियाँ वट वृक्ष की पूजा करती है, अपने अक्षय सुहाग की कामना करती है। इस तिथि विशेष पर बिना मुहूर्त निकाले विवाह सम्पन्न होते है। आपको इस पर्व का नाम बताना है।

(60) यह पर्व फाल्गुन माह में मध्य प्रदेश के झाबुआ जिले में भीलों के द्वारा मनाया जाता है। इस माह में प्रत्येक गाँव में साप्ताहिक हॉट/बाजार के दिवस युवा पुरूष एवं महिला एकत्रित होते है, जहाँ वे एक दूसरे को रंग/गुलाल लगाकर वैवाहिक सहमति प्रदान करते है। आपको इस पर्व का नाम बताना है।

## खण्ड – '13' (प्रश्नों के सही उत्तर, उत्तर पत्रक में लिखें)

**टीप– प्रश्न क्रमांक 61 से 65 तक के प्रश्नों में मध्य प्रदेश के आधुनिक निर्माण, पर्यटन केन्द्रों को जोड़ने वाली सुविधाऐं तथा वास्तुकलां से संबंधित विवरण दिया गया है। आपको प्रश्नानुसार सही उत्तर का चयन करके, उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक के सामने अंकित करें।**

(61) मध्य प्रदेश में कला, संस्कृति तथा इतिहास, धरोहर आदि के लिये विशेष दीर्घा सहित ऑडिटोरियम के साथ भारत भवन का निर्माण किया गया है, जो हमारी राष्ट्रीय एकता, अनेकता मे एकता का प्रतीक है। इस भवन का आर्किटेक्चर/वास्तु नक्शा किस आर्किटेक्ट द्वारा बनाया गया है?

(62) मध्य प्रदेश का नया विधान सभा भवन का निर्माण 1983 से 1993 के मध्य हुआ। इसके निर्माणकर्ता आर्किटेक्चर, प्रख्यात वास्तुविद् श्री चार्ल्स कोरियन रहे। इस विधान सभा भवन का नाम क्या है ?

(63) मध्य प्रदेश के चन्देल वंश के द्वारा स्थापित मन्दिरों के शहर खजुराहो तथा मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल को रेल मार्ग से जोड़ा गया है। इसके मध्य एक दैनिक सवारी रेलगाड़ी चलती है, जिसे विशेष नाम दिया गया है। इस रेलगाड़ी का नाम क्या है ?

(64) मध्य प्रदेश का एक अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा कौन सा है, जहाँ से हाल ही में दुबई के लिये अन्तर्राष्ट्रीय उड़ान प्रारम्भ की गई है ?

(65) मध्य प्रदेश में ओंकारेश्वर के निकट हनुवंतिया जल पर्यटन तथा एडवेंचर सेन्टर है। मध्य प्रदेश में इसके अतिरिक्त जबलपुर के पास आवासीय सुविधाओं तथा जल पर्यटन सुविधायुक्त एक स्थान और विकसित किया गया है। आपको इस स्थान का नाम बताना है ?

## खण्ड – '14' (प्रश्नों के सही उत्तर, उत्तर पत्रक में लिखें)

**टीप– प्रश्न क्रमांक 66 से 70 तक के प्रश्नों में मध्य प्रदेश के आदिवासी अंचल की विविध जातियों की संस्कृति, सामाजिक रीत रिवाज तथा जीवन यापन से संबंधित विवरण दिया गया है। यह पर्यटको के लिये आकर्षण का केन्द्र है। आपको प्रश्नानुसार सही उत्तर का चयन करके, उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक के सामने अंकित करें।**

(66) मध्य प्रदेश की यह आदिवासी जनजाति इन्डो आर्यन परिवार से विकसित मानी जाती है। गौत्रों में विभाजित इस जाति में विवाह के समय वधु का मूल्य देना होता है। इनके महत्वपूर्ण तथा शक्तिशाली देवता राजपंथा है। ये घोड़े को श्रद्धा देते है, साँप की पूजा करते है। परम्परागत शस्त्र धनुष–बाण है, प्रणय पर्व भगौरिया है, इनके निवास स्थल फाल्या कहलाते है। इनके प्रमुख लोक नृत्य ढोहा, बड़वाह, भगौरिया, गर्वी है। इस जनजाति का नाम बताईयें ?

(67) मध्य प्रदेश की यह जनजाति दक्षिण भारत से आकर यहाँ बसी है। इनकी उत्पत्ति बोरादेव/महादेव से बताई जाती है। इनका संबंध प्राक् द्रविण से है। इस जनजाति के प्रमुख देवता दूल्हादेव है। ये बारी नामक खेती करते है। सूती वस्त्रों का प्रयोग करते है। मध्य प्रदेश में इनकी जनसंख्या सबसे अधिक छिन्दवाड़ा जिले में है। इनके प्रमुख लोक नृत्य रीना, कर्मा, सैला, केहरवा, सजनी, गोचो, गेंड़ी है। इस जनजाति का नाम बताईयें ?

(68) मध्य प्रदेश की यह जनजाति नर्मदा–सोन–गंगा तथा चम्बल के बीच निवास करती है। मुख्यतः विंध्य और कैमोर श्रेणियों में रहते है। सूर्य, चन्द्र, पवन तथा इन्द्र की पूजा करते है। जादू–टोने पर विश्वास करते है। संगीत के शौकीन होते है। इनमें गौत्र का चिन्ह नही होता है। इनके प्रमुख लोक नृत्य कौल दहकी अर्थात दहका नृत्य मुद्रा है। इस जनजाति का नाम बताईयें ?

(69) यह द्रविण समूह की जनजाति है, जिसका शब्दिक अर्थ पुरोहित होता है। प्रमुख देवता बूढ़ादेव माने जाते है। मान्यता है कि वे साज वृक्ष पर रहते है। इनके भूमि के देवता ठाकुरदेव कहलाते है। बीमारियों से रक्षा के लिए दूल्हादेव की पूजा करते है। देव स्थल पर परधान की मूर्ति रखते है। इनके प्रमुख लोक नृत्य बिमला, परधौनी, दशहरा, अटारी, सुवा तथा सुआ है। मुकद्दम इनके मुखिया होते है। इस जनजाति का नाम बताईयें ?

(70) मध्य प्रदेश की यह जनजाति सीधी और शहडोल जिले में पायी जाती है। यह द्रविण प्रजाति की जनजाति है। ये कबीरपंथी होते है। इन्हें कबीरहा भी पुकारा जाता है। ऐसा माना जाता है कि कपड़ा बुनने का कार्य सर्व प्रथम इन्होंने ही किया था। सूर्य, इन्द्र, हनुमान, मरहीमाता, हुल्की बाई की पूजा करते है। कबीरपंथी गायन तथा इस पर लोक अभिव्यक्ति इनकी प्रमुख पहचान है। इस जनजाति का नाम बताईयें ?

## खण्ड – '15' (प्रदत्त कथनों को पढ़कर यथोचित उत्तर दें)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 71 से 75 तक के प्रश्नों में एक–एक कथन दिया गया है। आपको दिये गयें कथन को पढ़कर यथोचित उत्तर, उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक के सम्मुख लिखना है। ये प्रश्न मध्य प्रदेश के राष्ट्रीय उद्यान, अभ्यारण्य तथा प्राणी उद्यान से संबंधित है।**

(71) मध्य प्रदेश में शीघ्र ही खण्डवा जिले में एक नया राष्ट्रीय उद्यान की स्थापना प्रस्तावित की गई है। यह राष्ट्रीय उद्यान कहां स्थापित किया जाना है।

(72) जेम्स फोर्सिथ ने अपनी किताब सेन्ट्रल इण्डियन हाईलैण्ड (1860) में एक स्थान का उल्लेख किया। वर्ष 1879 में इसे आरक्षित वन घोषित किया गया। वर्ष 1910 में यहाँ विश्राम गृह बनाया गया और 1955 में इसे राष्ट्रीय उद्यान के रूप में विकसित किया गया। 1973 में यहाँ प्रोजेक्ट टाईगर आरम्भ किया गया। मध्य प्रदेश का यह कौन सा राष्ट्रीय उद्यान है।

(73) मध्य प्रदेश का यह राष्ट्रीय उद्यान 1968 में स्थापित किया गया। यहाँ विश्व में बाघो का सर्वाधिक घनत्व है। यहाँ प्रति 8 कि.मी. पर एक बाघ है। 1993 में इसे प्रोजेक्ट टाईगर के रूप में शामिल किया गया। 32 पहाड़ियों से घिरे इस राष्ट्रीय उद्यान को हाथियों के निवास के रूप में विकसित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश का यह कौन सा राष्ट्रीय उद्यान है।

(74) ग्वालियर जिले के घाटी गाँव राष्ट्रीय अभ्यारण्य तथा शिवपुरी जिले के करेरा राष्ट्रीय अभ्यारण्य को एक विशेष वन्य जीव के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु चिन्हित/घोषित किया गया है। उस विशेष वन्य जीव का नाम बतायें।

(75) धार जिले के सरदारपुर राष्ट्रीय अभ्यारण्य तथा रतलाम जिले के सैलाना राष्ट्रीय अभ्यारण्य को एक विशेष वन्य जीव के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु चिन्हित/घोषित किया गया है। उस विशेष वन्य जीव का नाम बतायें।

## खण्ड – '16' (प्रदत्त कथनों को पढ़कर यथोचित उत्तर दें)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 76 से 80 तक के प्रश्नों में एक–एक कथन दिया गया है। आपको दिये गयें कथन को पढ़कर यथोचित उत्तर, उत्तर पुस्तिका में प्रश्न क्रमांक के सम्मुख लिखना है। ये प्रश्न मध्य प्रदेश को जल संरचना तथा जल परियोजनाओं का पर्यटन दृष्टि से महत्व से संबंधित है।**

(76) मध्य प्रदेश में बरगी, जबलपुर के निकट नर्मदा नदी पर एक बहुउद्देशीय जल परियोजना स्थापित की गई है। यहाँ एडवेंचर खेलों की सुविधा भी उपलब्ध है। साथ ही पर्यटन विभाग का मैकल रिसोर्ट भी स्थापित है। आपको इस जल परियोजना का नाम बताना है।

(77) मध्य प्रदेश में राजस्थान के सहयोग से मन्दसौर के निकट चम्बल नदी पर एक बहुउद्देशीय जल परियोजना स्थापित की गई है। यहाँ एडवेंचर खेलों सहित वॉटर क्रूज की सुविधा भी उपलब्ध है। आपको इस जल परियोजना का नाम बताना है।

(78) मध्य प्रदेश में शिवपुरी जिले के निकट कालीसिन्ध नदी पर एक बहुउद्देशीय जल परियोजना स्थापित की गई है। यहाँ वॉटर स्पोर्टस सहित मोटर बोट की सुविधा भी उपलब्ध है। आपको इस जल परियोजना का नाम बताना है।

(79) मध्य प्रदेश में अशोकनगर जिले के निकट बेतवा नदी पर एक बहुउद्देशीय जल परियोजना स्थापित की गई है। यहाँ वॉटर स्पोर्टस सहित मोटर बोट की सुविधा भी उपलब्ध है। आपको इस जल परियोजना का नाम बताना है।

(80) मध्य प्रदेश में उमरिया जिले के निकट जोहिला नदी पर एक बहुउद्देशीय जल परियोजना स्थापित की गई है। यहाँ जल गतिविधियाँ सहित मोटर बोट की सुविधा भी उपलब्ध है। आपको इस जल परियोजना का नाम बताना है।

## खण्ड – '17' (दिये गये प्रश्नों के सही उत्तर दें)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 81 से 85 तक के प्रश्न मध्य प्रदेश के विशेष पर्यटन परिक्षेत्र/टूरिस्ट सर्किट पर आधारित है। ध्यान से पढ़कर इसमें रिक्त स्थल का नाम उत्तर पत्रक पर लिखना है।**

(81) मध्य प्रदेश में जबलपुर के प्राकृतिक वन्य जीव स्थल टूरिस्ट सर्किट में कान्हा किसली राष्ट्रीय उद्यान, पेंच राष्ट्रीय उद्यान के अतिरिक्त एक अन्य राष्ट्रीय उद्यान भी स्थित है। इस राष्ट्रीय उद्यान का नाम बताईऐं ?

(82) मध्य प्रदेश में भोपाल के धार्मिक तथा आध्यात्मिक टूरिस्ट सर्किट में भोजपुर, भीमबैठिका के अतिरिक्त एक अन्य धार्मिक पर्यटन स्थल भी स्थित है। इस पर्यटन स्थल का नाम बताईऐं ?

(83) मध्य प्रदेश के खण्डवा–खरगौन जलाशय/जलपरिक्षेत्र टूरिस्ट सर्किट में ओंकारेश्वर बाँध, महेश्वर बाँध के अतिरिक्त एक अन्य बाँध भी स्थित है। इस पर्यटन स्थल का नाम बताईऐं ?

(84) मध्य प्रदेश में पचमढ़ी टूरिस्ट सर्किट में प्राकृतिक तथा जलाशय संदर्भित टूरिस्ट पर्यटन सर्किट में पातालकोट, तामिया, मढ़ई के अतिरिक्त एक अन्य जलाशय पर्यटन स्थल भी स्थित है। इस पर्यटन स्थल का नाम बताईऐं ?

(85) मध्य प्रदेश में बौद्ध, आध्यात्म, पुरातत्व दृष्टि से भोपाल से उदयपुर के मध्य साँची, विदिशा के अतिरिक्त एक अन्य पर्यटन स्थल है। इस पर्यटन स्थल का नाम बताईऐं ?

## खण्ड – '18' (दिये गये प्रश्नों के सही उत्तर दें)

**टीप– प्रश्न क्रमांक 86 से 90 तक के प्रश्न मध्य प्रदेश में सिनेमा के अन्तर्गत प्रदेश के फिल्मी कलाकारों तथा प्रदेश में फिल्म शूटिंग पर आधारित है। ध्यान से पढ़कर इसमें रिक्त स्थल का नाम उत्तर पत्रक पर लिखना है।**

(86) भारत की स्वर कोकिला के रूप में परिचित इस महान कलाकार का जन्म मध्य प्रदेश के इन्दौर में हुआ है। गिनीज बुक वर्ल्ड रिकार्ड में इनका नाम सर्वाधिक गीत गायन में दर्ज है, इन्हें पद्मश्री, पदमभूषण, पदविभूषण और भारत रत्न नागरिक अलंकरण दिये गये है। फिल्म क्षेत्र के सर्वोच्च पुरस्कार दादा साहेब फाल्के पुरस्कार एवं यश चौपड़ा पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है। आपको इस कलाकार का नाम बताना है ?

(87) प्रख्यात फिल्म अभिनेत्री जिनका जन्म 1950 में जबलपुर में हुआ। इनकी प्रारम्भिक शिक्षा भोपाल में सम्पन्न हुई। इनका फिल्मी केरियर ''सत्यजीत से'' प्रख्यात निर्देशक के निर्देशन में हुआ। इन्हें पद्मश्री सम्मान मिला आपको इस कलाकार काा नाम बताना है ?

(88) भारतीय फिल्म उद्योग में प्रतिष्ठित गांगुली परिवार के अनेक कलाकार अभिनय, गायन, निर्देशन आदि सभी क्षेत्रों में सक्रिय रहे। बाद में सभी ने अपना फिल्मी केरियर आरम्भ करते ही कुमार सरनेम लिखना आरम्भ किया। अशोक, अनूप एवं किशोर। यह परिवार मध्य प्रदेश के किस जिले से संबंधित है ?

(89) मध्य प्रदेश के जबलपुर के किस क्षेत्र में ''जिस देश में गंगा बहती है एवं सम्राट ''अशोका'' फिल्मों के कुछ अंशो को फिल्माया गया है। उस क्षेत्र का नाम बनाईये ?

(90) भारत के प्रख्यात निर्देशक प्रकाश झा की फिल्म राजनीति, आरक्षण फिल्मों का फिल्मांकन मध्य प्रदेश के किस महानगर में हुआ ?

## खण्ड – '19' (दिये गये प्रश्नों के एक शब्द में सही उत्तर दें)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 91 से 95 में प्रत्येक प्रश्न एक कथन के रूप में दिया गया है। 4 (चार) विकल्प दिये गये हैं इनमें से सही उत्तर का विकल्प छांट कर आपको उत्तर पुस्तिका में लिखना है। इन प्रश्नों में मध्य प्रदेश के इतिहास एवं स्वत्रंता संग्राम से संबंधित प्रश्नों को शामिल किया गया है, जिनका पर्यटन दृष्टि से महत्व है।**

(91) प्राचीन मध्य प्रदकेश किस मौर्य शासन ने अपने राज्य अवंती (मालवा) की राजधानी उज्जैयिनी को बनाया था। इस मौर्य राजा ने विदिशा के नगर सेठ की पुत्री से विवाह किया, अपने पुत्र–पुत्री संघमित्रा एवं महेन्द्र को बौद्ध धर्म के प्रचार हेतु श्रीलंका भेजा। इसका प्रमाण उज्जैन के बौद्ध महास्तूप है ?

(92) मध्य प्रदेश में विदिशा के भोजरपुर, रायसेन के खरबई, सतना के पास भरहुत, रीवा के निकट देउरकोठार, गुना में तूमेन तथा खरगौर में कसरावत में मौर्य साम्राज्य के अवशेष के रूप में कौन से भवन खोजे गये ?

(93) मध्य प्रदेश के प्राचीन इतिहास के एक नगर को मनुष्य को मोक्ष देने वाली भूमि माना गया है। इसे पृथवी का नाभि स्थल भी कहा जाता है। इसे कनक श्रंगा, कुश स्थलीय, मदमावती, कुमुखती अमरावती एवं ओजिनी नाम से भी जाना जाता है। इस ऐतिहासिक नगर का नाम बताईयें ?

(94) मध्य प्रदेश में गोंडवाना राज्य की रानी अवंतीबाई व उनकी अंगरक्षिका गिरधारी बाई, वीर शंकर शाह, बहादुर शाह ने 1857 की स्वतंत्रता क्रांति में विशेष योगदान दिया। आप मंडला जिले के निकट स्थान विशेष से संबंधित रहे है। यहॉ का किला ऐतिहासिक पर्यटन स्थल है, आपको स्थान का नाम बताना है ?

(95) मध्य प्रदेश के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों जिन्होंने झण्डा सत्याग्रह, नमक सत्याग्रह, जंगल सत्याग्रह, सविनय अवज्ञा आंदोलन सहित भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय सहभागिता की, उनकी स्मृति में जबलपुर में एक विशेष स्मृति स्थल बनाया गया है, जिसका शिलान्यास डॉ. राजेन्द्र प्रसाद एवं उद्घाटन पंडित जवाहरलाल नेहरू ने किया। आपका इसका नाम बताना है ?

## खण्ड – '20' (दिये गये प्रश्नों के एक शब्द में सही उत्तर दें)

**टीप – प्रश्न क्रमांक 95 से 100 में प्रत्येक प्रश्न एक कथन के रूप में दिया गया है। 4 (चार) विकल्प दिये गये हैं इनमें से सही उत्तर का विकल्प छांट कर आपको उत्तर पुस्तिका में लिखना है। इन प्रश्नों में मध्य प्रदेश के विविध स्थानों के विशिष्ट खाद्य सामग्री का विवरण, उपलब्धता के बारे में पूछा गया है, जिनका पर्यटन दृष्टि से महत्व है।**

(96) मध्य प्रदेश के इस अंचल के गजक, बूॅदी के लड्डू, लम्बी पानी पूरी, दाल बाफले, अंजीर रोल, पनीर पिलाफ एवं खसखस रोल आदि मुख्य व्यंजन है, आपको इस अंचल का नाम बताना है –

(97) मध्य प्रदेश के इस अंचल के मावाबाटी, बूरा लड्डू (नारियल) काबुली चना, साबूदाना खिचड़ी, सोयाबड़ी मुख्य व्यंजन है, आपको इस अंचल का नाम बताना है–

(98) मध्य प्रदेश के इस महानगर के दही कबाव, गूलर कबाव, मूॅग भजियॉ, पापड़ी चाट, शाही शिकंजी, बरगी की बड़ी, पोहा जलेबी प्रमुख व्यंजन है, आपको इस महानगर का नाम बताना है–

(99) मध्य प्रदेश के इस महानगर के खोबे की जलेबी, केसरिया दूध, इमरती, कचौड़ी, हलुवा, सोन हलुआ एवं मिल्क केक प्रमुख व्यंजन है आपको इस महानगर का नाम बताना है –

(100) मपूरी के लड्डू, लवंगलता, हिंगोरा, खोपरा–पाक, चाडुला, वफोरी, माहेरी एवं रास की खीर मुख्य व्यंजन है। इस अंचल का नाम बताओं

# मध्यप्रदेश पर्यटन

# क्विज प्रतियोगिता 2019

## उत्तर पुस्तिका

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. ...................................... | 26. ...................................... | 51. ...................................... | 76. ...................................... |
| 2. ...................................... | 27. ...................................... | 52. ...................................... | 77. ...................................... |
| 3. ...................................... | 28. ...................................... | 53. ...................................... | 78. ...................................... |
| 4. ...................................... | 29. ...................................... | 54. ...................................... | 79. ...................................... |
| 5. ...................................... | 30. ...................................... | 55. ...................................... | 80. ...................................... |
| 6. ...................................... | 31. ...................................... | 56. ...................................... | 81. ...................................... |
| 7. ...................................... | 32. ...................................... | 57. ...................................... | 82. ...................................... |
| 8. ...................................... | 33. ...................................... | 58. ...................................... | 83. ...................................... |
| 9. ...................................... | 34. ...................................... | 59. ...................................... | 84. ...................................... |
| 10. ...................................... | 35. ...................................... | 60. ...................................... | 85. ...................................... |
| 11. ...................................... | 36. ...................................... | 61. ...................................... | 86. ...................................... |
| 12. ...................................... | 37. ...................................... | 62. ...................................... | 87. ...................................... |
| 13. ...................................... | 38. ...................................... | 63. ...................................... | 88. ...................................... |
| 14. ...................................... | 39. ...................................... | 64. ...................................... | 89. ...................................... |
| 15. ...................................... | 40. ...................................... | 65. ...................................... | 90. ...................................... |
| 16. ...................................... | 41. ...................................... | 66. ...................................... | 91. ...................................... |
| 17. ...................................... | 42. ...................................... | 67. ...................................... | 92. ...................................... |
| 18. ...................................... | 43. ...................................... | 68. ...................................... | 93. ...................................... |
| 19. ...................................... | 44. ...................................... | 69. ...................................... | 94. ...................................... |
| 20. ...................................... | 45. ...................................... | 70. ...................................... | 95. ...................................... |
| 21. ...................................... | 46. ...................................... | 71. ...................................... | 96. ...................................... |
| 22. ...................................... | 47. ...................................... | 72. ...................................... | 97. ...................................... |
| 23. ...................................... | 48. ...................................... | 73. ...................................... | 98. ...................................... |
| 24. ...................................... | 49. ...................................... | 74. ...................................... | 99. ...................................... |
| 25. ...................................... | 50. ...................................... | 75. ...................................... | 100. ...................................... |

### प्रतिभागी दल के सदस्यों के नाम

**1. नाम.........................................................................2. नाम.........................................................................**

**3. नाम.........................................................................4. नाम.........................................................................**

हस्ताक्षर　　　　हस्ताक्षर　　　　हस्ताक्षर　　　　हस्ताक्षर

विद्यालय का नाम.........................................................................जिला ......................................

कुल प्राप्तांक (अंको में)..................................शब्दों में .........................................................................

मूल्यांकनकर्ता का नाम एवं हस्ताक्षर .........................................................................

पर्यवेक्षक का नाम एवं हस्ताक्षर .........................................................................

# मध्यप्रदेश पर्यटन
# राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता 2019

## आर्दश उत्तर पुस्तिका

1. चम्बल नदी
2. बेतवा नदी
3. टोंस नदी
4. केन नदी
5. बेन गंगा नदी
6. श्वेत संगमरमर
7. रीवा
8. महोदव पर्वत
9. ग्वालियर
10. गुना
11. ग्वालियर किला
12. शिवपुरी
13. पचमढ़ी
14. इन्दौर
15. खरगौन
16. ग्वालियर
17. जबलपुर
18. भोपाल
19. सागर
20. उज्जैन
21.(स) आम
22.(अ) बरगद
23.(ब) दूधराज
24.(द) बारहसिंगा
25.(द) राई लोकनृत्य
26.(अ) इन्दौर
27.(ब) जबलपुर
28.(अ) जहांगीर महल
29.(स) रामवन
30.(अ) यशोवर्धन
31. माण्डू
32. दतिया
33. पंचमठा
34. सूर्य
35. भिण्ड
36. ग्वालियर दुर्ग
37. औरछा दुर्ग
38. धार का किला
39. मंदसौर किला
40. दतिया किला
41. ताजुल मस्जिद
42. रानीताल ईदगाह
43. बीबी की मस्जिद
44. ढ़ाई सीढ़ी की मस्जिद
45. जामा मस्जिद
46. शिवपुरी
47. नरई नाला
48. गिरधारी बाई
49. ग्वालियर
50. बुरहानपुर
51. रामलीला मेला
52. चण्डी देवी का मेला
53. मठघोघरा मेला
54. नागाजी का मेला
55. सनकुआ का मेला
56. गणगौर
57. सुआटा
58. गंगा दशहरा
59. अक्षय तृतीया
60. भगौरिया
61. चार्ल्स कोरिया
62. इन्दिरा गॉधी विधान भवन
63. महामना एक्सप्रेस
64. इन्दौर
65. बरगी
66. भील
67. गौड़
68. कौल
69. बेगा
70. पनिका
71. ओंकारेश्वर
72. कान्हा–किसली
73. बांधवगढ़
74. सोन चिरैय्या
75. खरमौर पक्षी
76. अवन्ती बाई सागर
77. गॉधी सागर
78. मड़ीखेड़ा
79. राजघाट
80. बिरसिंहपुर
81. बांधवगढ़
82. आशापुरी
83. पुनासा
84. तवा
85. उदयगिरि
86. लता मंगेशकर
87. जया बच्चन
88. खण्डवा
89. भेड़ाघाट
90. भोपाल
91. सम्राट अशोक
92. स्तूप
93. उज्जयिनी
94. रामगढ़
95. शहीद स्मारक
96. ग्वालियर
97. मालवा
98. इन्दौर
99. जबलपुर
100. बुन्देलखण्ड